# Hindi Journalism and Mass Communication

## Program outcome

बी .ए. (आनर्स) हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार आज के समय का अत्यंत महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम है| पत्रकारिता समाज के लिए दर्पण और मशाल दोनों का कार्य करती है| हिंदी पत्रकारिता ने इस दायित्व को सदैव पूर्ण किया है| आज के समाज की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए पत्रकारिता क्षेत्र की जिम्मेदारियां बहुत अधिक बढ़ गई हैं | यह पाठ्यक्रम पत्रकारिता के सिद्धांतों अवधारणाओं चुनौतियां जिम्मेदारियों सीमाओं कानून और आचार संहिता की समझ पैदा करने के साथ-साथ छात्रों को कुशल प्रशिक्षु बनाने के लिए प्रयासरत है| बीए ऑनर्स हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम हिंदी भाषा और साहित्य की समझ का विस्तार है| यह हिंदी भाषा की लोकप्रियता को विस्तार देने वाला पाठ्यक्रम है| इसमें हिंदी भाषा के जरिए जन माध्यमों का अध्ययन किए जाने के कारण हिंदी के अध्ययन अध्यापन को बड़ा क्षितिज मिलता है| समाज में उसकी भूमिका और कार्यों के बारे में अवधारणात्मक समाज विकसित करने के साथ विद्यार्थियों को पत्रकारिता के वैधानिक और नैतिक पहलुओं, उसके मूल्यों और दायित्वों का बोध कराना भी इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य है|

## Learning Outcome

### सेमेस्टर - 1

### जनसंचार माध्यम BAHJCC01

- जनसंचार माध्यमों की वृहद जानकारी|
- माध्यमों के परिवेश को सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में देखना|
- मुद्रित और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों की समझ विकसित होना|
- जनमाध्यम के विविध क्षेत्रों तथा आयामों का व्यावहारिक ज्ञान |

## सेमेस्टर - 1

## हिंदी पत्रकारिता का इतिहास BAHJCC02

- हिंदी पत्रकारिता के इतिहास,विकास, विषयगत और तकनीकी परिवर्तनों के प्रति छात्रों में समझ विकसित होगी|
- हिंदी पत्रकारिता के महत्व से परिचय प्राप्त होगा|
- रोजगार में क्षेत्र में अवसर उपलब्ध होंगे|

## सेमेस्टर -2

## जनसंचार माध्यमों की भाषा BAHJCC03

मीडिया लेखन की दृष्टि से भाषा-दक्षता का अभ्यास।

विभिन्न माध्यमों की पहुँच और प्रसार क्षमता से परिचित होना।

बाज़ार की आवश्यकतानुसार मीडिया लेखन एवं अनुवाद आदि कार्यों के लिए तैयार होना।

## सेमेस्टर -2

## समाचार की अवधारणा और रिपोर्टिंग BAHJCC04

समाचार की अवधारणा और रिपोर्टिंग के सैद्धांतिकी पक्ष को गहराई से समझेंगे।

समाचार एवं रिपोर्ट लेखन में दक्षता हासिल करेंगे।

व्यवसाय की दृष्टि से मीडिया के विभिन्न माध्यमों में रोजगार की संभावनाएँ होंगी।

**सेमेस्टर - 3**

**माध्यम कानून और आचार संहिता BAHJCC05**

- मीडिया पर लागू विभिन्न कानूनों और माध्यम आचरण और आचार संहिता की जानकारी होगी|
- मीडिया के क्षेत्र में काम करने वाले छात्रों को क़ानून के बारे में पहले से ही जानकारी होगी |

**सेमेस्टर - 3**

**संपादन BAHJCC06**

- संपादन से सम्बंधित सैधांतिक और व्यवहारिक ज्ञान विकसित होगा
- समाचार पत्र के संपादन की बारीकियों को जान पाएंगे|
- इससे बच्चों में संपादन उसके महत्व, सिद्धांत, कॉपी संपादन, ऑनलाइन संपादन, पृष्ठ संपादन, ले आउट, डिजाइन, संपादकीय पृष्ठ हेतु लेखन उसका तुलनात्मक अध्ययन आदि की समझ विकसित होगी|

**सेमेस्टर - 3**

**रेडियो BAHJCC07**

- रेडियो का सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान विकसित होगा।
- रेडियो के क्षेत्र में रोजगारोन्मुख कौशल विकसित होगा।

**सेमेस्टर - 3**

**मुद्रित माध्यमों की पृष्ठ सज्जा BAHJSEC01**

- रोजगारोन्मुख कार्यक्रम की जानकारी मिलेगी|
- पत्रकारिता में पृष्ठ सज्जा की तकनीक के पक्षों की व्यावहारिक जानकारी |

**सेमेस्टर - 4**

**न्यू मीडिया BAHJCC08**

- न्यू मीडिया में मौजूद रोजगार के अवसरों के लिए तैयार होना।

**<u>सेमेस्टर - 4</u>**

**<u>टेलीविज़न- BAHJCC09</u>**

- रोजगारपरक कार्यक्रम से व्यावहारिक कौशल प्राप्त होगा।
- टी.वी. कार्यक्रम एवं तकनीक की समझ विकसित होगी।

**<u>सेमेस्टर - 4</u>**

**<u>विकास पत्रकारिता BAHJCC10</u>**

- देश की विकास पत्रकारिता के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पक्ष की समझ।

**<u>सेमेस्टर - 4</u>**

**<u>न्यू डॉक्यूमेंट्री निर्माण BAHJSEC-2</u>**

- डॉक्यूमेंट्री का व्यावहारिक ज्ञान।
- नैतिकता और मानवीय मूल्य से संबंधित आलोचनात्मक समझ विकसित करना।

**<u>सेमेस्टर -5</u>**

**<u>मीडिया शोध BAHJCC11</u>**

- शोध की अवधारणा, अर्थ और स्वरूप उसके क्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त होगी|
- शोध की विभिन्न प्रविधि जैसे गुणात्मक और मात्रात्मक प्रविधि, प्रश्नावली निर्माण करना, सर्वेक्षण करना आदि है|

**<u>सेमेस्टर -5</u>**

**<u>मीडिया लेखन BAHJCC12</u>**

- मीडिया में प्रयोग होने वाले विभिन्न सॉफ्टवेर के बारे में जानकारी होना|
- समाचार संकलन से लेकर समाचार पत्र निकालने तक की प्रकिया के बारे में जानकारी प्राप्त होना|

## सेमेस्टर -5

## हाशिए का समाज, अस्मिता विमर्श और हिंदी मीडिया BAHJDSE01

- हाशिए के समाज और अस्मिता विमर्श संबंधी अधिकार को जानना|
- हाशिए का समाज और उसके  पहचान के सवाल को सामाजिक - सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के अधर पर समझना|
- जेंडर समानता और अस्मिता विमर्श के सोच को विकसित करना तथा सांस्कृतिक पहलू, अस्मिता विमर्श और माध्यम व्यवहार के लोक संस्कृति को समझाना आदि है|

## सेमेस्टर -5

## जनमाध्यमों की सैद्धांतिकी BAHJDSEC02

- जनमाध्यमों के सिद्धांतों की समझ विकसित करना।
- जनमाध्यमों की सैद्धांतिक कार्यविधि से परिचित कराना।

## सेमेस्टर -6

## विज्ञापन और जनसंपर्क BAHJCC13

- प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए विज्ञापन लेखन में दक्षता।
- जनसंपर्क के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पक्ष का ज्ञान। जीवन और समाज में इसकी उपयोगिता एवं महत्त्व की समझ।
- दोनों क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त करने की दक्षता।

## सेमेस्टर -6

## परियोजना कार्य BAHJCC14

- विद्यार्थी मीडिया के क्षेत्र में शोध करना सीख जाएँगे।
- मीडिया शोध का व्यावहारिक ज्ञान और अभ्यास होगा जिसके कारण भविष्य में वे इसे आजीविका के रूप में अपना सकेंगे।

**<u>सेमेस्टर -6</u>**

**<u>मीडिया प्रबंधन BAHJDSE-3</u>**

- प्रबंधन के क्षेत्र से संबंधित संगठनात्मक ढाँचा और कार्य विभाजन की समझ विकसित होगी।

**<u>सेमेस्टर -6</u>**

**<u>हिंदी पत्रकारिता के नए आयाम BAHJDSE-4</u>**

- पत्रकारिता के क्षेत्र में पर्यावरण, आपदा प्रबंधन, कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सी एस आर) एवं लोकप्रशासन आदि आयामों में कार्यक्षमता विकसित होगी।